# भानपुरी मंडल के सोरगांव केशरपाल व तुरपुरा.1 को 52 लाख की सौगात

- वनमंत्री केदार कश्यप ने किया भूमिपूजन और लोकार्पण
- क्षेत्रवासियों के खुशहाली का वादा पूरा करने साय सरकार सुशासन तिहार मना रही है . केदार



जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार)। वनमंत्री केदार कश्यप क्षेत्रीय प्रवास पर हैं । नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर विकास खंड में बुधवार को 52 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान वनमंत्री केदार कश्यप ने क्षेत्रवासियों को साय सरकार के संकल्पों से अवगत कराया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार संकल्पित है। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने का हमारा सपना अब साकार होने लगा है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार नियद नेल्ला नार जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से बस्तर के दुरस्थ क्षेत्रों में मूलभुत अवश्यकताओं को पूरा कर रही है। केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार ने आज नक्सलवाद को बस्तर से समाप्त करने का कठोर कदम उठाया है और आज परिणाम सबके समक्ष है बस्तर से नक्सलवाद समाप्त होता दिख रहा है। नक्सल मुक्त और विकास के मार्ग में आगे बढ़ रहा है। वनमंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल भानपुरी के ग्राम सोरगांवए तूरपुरा एवं केशरपाल में विभिन्न विकासकार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करते हुए कहा कि विष्णुदेव साय सरकार में आज बस्तर तेज गति से विकास कर रहा है। बस्तर और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के हर प्रवास में क्षेत्रवासियों को भाजपा सरकार के द्वारा लाखों करोड़ों की सौगात देने का क्रम जारी है।

### मोदी ने पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दिया

वन मंत्री ने कहा कि पहलगाम कि घटना हमारे देश के लिये दुःखद घटना थी। पुरे देश को इस घटना ने झकझोर कर रख दिया था लेकिन आज जिस प्रकार से शक्तिशाली नेतृत्व के कारण देश हर स्तर पर मज़बूत हुआ है उसका ही परिणाम है कि पाकिस्तान पर हमारे देश के वीर योद्धाओं ने ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब दिया है। इस जवाब ने विपक्ष के मुँह को बंद कर दिया है। आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व क्षमता की तारीफ कर रहा है। उन्होंने एक बार फिर यह साबित किया है कि हम आतंकवादियों को घर में घुस कर मार सकते हैं।

# 21800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य, 13498 संग्राहकों को मिला लाभ



जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार) जिले में तेंदूपत्ता खरीदी के लिए 2025 में 21800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैए जिसमें विभाग ने इस बार पांच मई 2025 तक कुल 13498 मानक बोरा की खरीदी यानि 61 प्रतिशत मानक बोरा का संग्रहण कर चुका है। वहीं जिले में कुल संग्राहकों की संख्या 22421 है। जिसमें भंडारण करने का लक्ष्य 175 000 मानक बोरा हैए और भंडारण करने के लिए 41 गोदाम बनाए गए है। इन गोदाम में जिले के अलावा सुकमाए दंतेवाडा और बीजापुर से भी तेंदूपत्ता का संग्रहण कर रखा जा रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य 20 अप्रैल से शुरू होकर पूरे 15 मई तक चलेगा। ऐसे में अगर मौसम ने साथ दिया तो समय रहते लक्ष्य पूरा हो सकता है। वन विभाग के अनुसार इस वर्ष बस्तर को 21800 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य मिला है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने संग्राहकों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी थी्ए लेकिन अब मौसम सामान्य हो चुका है। यही वजह है कि संग्राहक उत्साह के साथ तेंदूपत्ता संग्रहण में जुट गए हैं। जिले में इस बार बारिश और आंधी की वजह से पत्ता की खरीदी प्रभावित हुई है। बारिश होने से पत्ते जल्दी हार्ड हो गए और ओले गिरने से भी संग्राहकों को खासा नुकसान हुआ। बस्तर में तेंदूपत्ते को हरा सोना के नाम से भी जाना जाता है। आदिवासियों की 5 से 6 दिनों के संग्रहण में ही अच्छी खासी आमदनी हो जाती है। 10 से 15 हजार तक कई ग्रामीण तेंदूपत्ता के सीजन में कमाई करते हैं। पूरे परिवार के साथ तेंदूपत्ते का संग्रहण किया जाता है। इस बार तेंदूपत्ता की सारी राशि सीधे संग्राहक के खाते में स्थानांतरण किया जा रहा है। डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में 100 प्रतिशत संग्राहकों के खाते खुले हुए हैंए नगद भुगतान कहीं भी नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार ने अपने वादे के मुताबिक इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4 हजार से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए कर दिया है।

### हरा सोना के रूप में मशहूर तेंदूपत्ता

तेंदूपत्ता को बस्तर में हरा सोना भी माना जाता है। संग्राहक तेंदूपत्ता को सहेजने के लिए पूरे परिवार के साथ जुटा रहता है। इसके पत्तों को तोड़कर सुखाने के बाद 50.50 पत्ते का गड्डी बनाते हैं। इसके एक हजार गड्डियों को मिलाकर एक मानक बोरा बनाते हैं।

# दार्शनिक और विचारक अंतोनियो ग्राम्शी पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन 10 मई को

जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार) स्थानीय प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा वैचारिकी श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार 10 मई को अपराह्न 4.30 बजे से स्थानीय लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर स्थित ज़िला ग्रंथालय ;पूर्व युवोदय अकादमीद्ध में विश्व विख्यात दार्शनिक और विचारक अंतोनियो ग्राम्शी पर केंद्रित कर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें डॉ. मेखला चट्टोपाध्याय सहायक प्राध्यापक अंग्रेज़ी विभाग शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर का ग्राम्शी के विचारों की प्रासंगिकता और आज के भारत में बुद्धिजीवियों की भूमिका विषय पर व्याख्यान और श्रोताओं से विचारों का आदान.प्रदान होगा । इस अवसर पर संरक्षक मंडल में शामिल समाजशास्त्री अली एम सैयद पूर्व प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर भी उपस्थित रहेंगे। नगर के साहित्य प्रेमी प्रबुद्ध जनों और छात्रों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थिति होने की अपील आयोजकों ने की है।

# सॉफ्टबॉल महिला टीम का विवि ने किया सम्मान



जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार) आंध्रप्रदेश के नेल्लोर में आयोजित देश के 96 टीमों की ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल महिला स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय टीम को विवि यूटीडी में मंगलवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों के अलावा प्रशिक्षक एवं अन्य स्टॉफ को भी उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। किसी अखिल भारतीय स्पर्धा में विवि की टीम का यह बहुत ही सराहनीय प्रदर्शन है। इस टीम में शासकीय शहीद केंवट राव महाविद्यालय बीजापुर शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा नवीन महाविद्यालय धनोरा कोंडागांव और विवि यूटीडी की छात्राओं ने सफल प्रतिभागिता दी। अपने शुभकामना संदेश में कुलपति एमके श्रीवास्तव ने कहा कि महिला सॉफ्टबॉल टीम ने प्रदेश और विवि का मान बढ़ाया है। विश्वास है हमारी ये बेटियां आगे के वर्षों में और भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर शीर्ष पर रहेंगी। विवि इनके लिए और बेहतर प्रशिक्षण सुविधाए उन्नत खेल सामाग्री और अन्य एकेडमिक लाभ देने के लिए प्रयास करेगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ आर लालवानी, विवि जनसंपर्क प्रभारी डॉ. वीके सोनी, स्पोट्र्स ऑफिसर बीएल केवट, नवीन सिंह, मारूति नंदन मरकाम, एनके सिंह सत्यनारायण सोनत राजेंद्र सिंह राज पवन ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# धान खरीदी के तीन माह बाद भी 396031 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे



- बस्तर संभाग में धान खरीदी केन्द्रो में आंधी.तूफान से हो रहा नुकसान

जगदलपुर8 मई (दण्डकारण्य समाचार) बस्तर संभाग में धान खरीदी के तीन महीने से अधिक का समय गुजर गया है। लेकिन अब भी जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते करीब 122 करोड़ 76 लाख 96 हजार रुपए का धान खरीदी केंद्रों में पड़ा हुआ है। लगातार हो रही बारिश और अंधड़ के चलते खरीदी केंद्रों में रखे धान के भीगने और उसके खराब होने की आशंका बढ़ गई है। संभाग के के करीब 270 केंद्रों में से दो में करीब 3 लाख 96 हजार क्विंटल धान जाम है। मौसम में बदलाव से समितियों के प्रभारियों और संग्रहण केंद्र के प्रभारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बीते दिनों हुई बारिश से कई खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित रखने में प्रभारी परेशान हो रहे हैं। तमाम जद्दोजहद के बाद वे करोड़ों के धान को सुरक्षित रख पाने में जुटे हुए हैं।। धान का उठाव जल्द से जल्द हो इसको लेकर डीएमओ द्वारा लगातार डीओ काटने और उठाव कराने की बात कही जा रही है। जबकि हकीकत इससे अलग है। हालत यह है कि धान खरीदी के खत्म हुए 95 दिन गुजर चुके हैं। बस्तर जिले के डीएमओ राजेंद्र कुमार ध्रुव ने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों से उठाव किया जा रहा है कुछ मात्रा में धान केंद्रों में पड़ा है। यह भी कुछ दिनों के अंदर उठ जाएगा।

### मिलान शुरू, शार्टेज की संभावना

खरीदी केंद्रों से धान का उठाव पूरा नहीं होने के चलते अब तक समितियों के द्वारा खरीदी गए धान का मिलान शुरू नहीं हो सका है। यह स्थिति तब है जब प्रदेश के कई जिलो में मिलान पूरा होने के बाद आए शार्टेज की भरपाई के लिए केंद्रों के प्रभारियों से वसूली की योजना बनाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पिछले साल बस्तर संभाग में सहकारी समितियों के माध्यम से 14042164०80 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। 13646133 क्विंटल धान का उठाव हुआ।

### डीएमओ से उठाव कराने की मांग

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियो ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव कराने की जिम्मेदारी मार्कफेड की है। संभाग के सभी डीएमओ से जल्द से जल्द धान का उठाव कराने के लिए कहा गया है। बारिश और अंधड़ के बीच धान को सुरक्षित रखना खरीदी केंद्रों के प्रभारियों के लिए चुनौती बना हुआ है। उम्मीद है कि जल्द ही हर केंद्र से धान का उठाव करवा लिया जाएगा।

# बीएसएनएल टावर का 4 सालो का नवीनीकरण शुल्क 25 लाख हुए जमा

- शहर में कुल बीएसएनएल के 21 टावर लगे हैं एनवीनीकरण शुल्क साल भर का 30000 प्रति टावर है

जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार) शहर में बीएसएनएल टावर का नवीनीकरण शुल्क नगर पालिक निगम जगदलपुर को पिछले 5 सालों से जमा नहीं किया जा रहा था। वर्तमान नगर निगम में भाजपा की सरकार बनने के बाद महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एआयुक्त प्रवीण वर्मा के निर्देश एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व में जगदलपुर शहर में लगे बीएसएनएल टावर सहित वायरलेस टी टी इन्फ्रे टाटा टेली सर्विसेज लिमिटेडएबीटीए सेल्स काम लिमिटेड आइडिया सेल्यूलर लिमिटेड एटीसी टेलीकॉम इंफ्राए भारतीय सेल्यूलर लिमिटेड रिलायंस जिओ इंफ्रा एयरटेल लिमिटेड सुमित डिजिटल इंफ्राए जिओ डिजिटल भारती इंफ्राटेल लिमिटेडए भारती एयरटेल रिलायंस मोबाइल टावर टाटा इंडीकॉमए आइडिया मोबाइलए बीटीएस टावरएबीटी टेलीकॉम सबमिट डिजिटल इंफ्रा व्योम नेटवर्क लिमिटेडएटी टी इन्फ्रे सर्विसेज टाटा एलाइंस लिमिटेड वायरलेस टी टी इन्फ्रे जैसे प्राइवेट कंपनियां पर लगातार राजस्व को बढ़ाने हेतु कार्यवाही किया जा रहा है। बहुत सारे मोबाइल टावर कंपनियों नवीनीकरण शुल्क भी जमा नहीं किए हैं। जल्द से जल्द उनके ऊपर भी करवाई किया जाएगा। बीएसएनएल टावर ने 2021 से 2024 तक पिछले 4 साल का नवीनीकरण शुल्क 25 लाख 20 हजार नगर निगम जगदलपुर को जमा किए हैं। प्रति टावर नवीनीकरण शुल्क 30000 होता है। शहर में लगे विभिन्न प्राइवेट टावर कंपनियों द्वारा भी नवीनीकरण शुल्क एवं शेयरिंग शुल्क पिछले कई सालों से जमा नहीं हुए हैं। सभी टावर कंपनियों को निगम द्वारा जल्द शुल्क जमा करनेए शहर में किस कंपनी के कितने टावर लगे हैं और कब से कार्यरत हैं यह जानकारी टॉवर कंपनियों से मांगा गया है। महापौर संजय पांडे ने कहा शहर में लगे समस्त टावरों की जांच की जाएगीए जितने अवैध टावर लगे हैं उसे सील किया जाएगा। नवीनीकरण शुल्क सभी टावर एजेंसी को देना अनिवार्य है। जो नहीं देगा उस पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। मैं धन्यवाद देना चाहता हूं शहर के विधायक किरण सिंह देव का जिनके मार्गदर्शन पर नगर निगम जगदलपुर एक स्वच्छ सुंदर समृद्ध बनेगा। राजस्व सभापति नगर निगम संग्राम सिंह राणा ने कहा नवीनीकरण शुल्क 30000 प्रति टावर का रहता है एवं शेयरिंग शुल्क 90000 होता है। अभी निगम द्वारा नवीनीकरण शुल्क वसूला जा रहा है। उसके बाद टावर में लगे विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए शेयरिंग पर भी 90000 प्रति शेयरिंग शुल्क वसूला जाएगा। शहर में लगे एक.एक कंपनियों के टावर की जांच एवं उस पर लगे शेयरिंग की वसूली की जाएगी।

# ऑनलाइन आवेदन की तिथि 10 मई तक बढ़ी

जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार) शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने जनवरी से जून 2025 सत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टरों परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख 10 मई तक बढ़ा दी है। ऑनलाइन के बाद 13 मई तक आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ हार्डकॉपी संबंधित कॉलेज में जमा किए जा सकते हैं।

# सुशासन तिहार से कोई लाभ नहीं, सरकार जनता को कर रही दिग्भ्रमित



जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार) बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ ढकोसला है जनता को इससे कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। बस्तर जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत 1०88 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनका आज पर्यंत तक निराकरण नहीं हुआ है वहीं नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए जगदलपुर भारतीय जनता पार्टी की नगर निगम सरकार द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर केंद्र शहर के समस्त वार्डो में खोला गया थाए आज तक उन आवेदनों का कोई भी निराकरण नहीं हुआ आखिर इनका निराकरण कब होगा आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। जब प्रथम और द्वितीय चरणों के आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ है तो फिर सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कैसे निराकरण होगा!ऐसे में कैसे सुशासन आएगा । युवा किसान व्यापारी महिलाएं छात्र युवा हर वर्ग हताश और परेशान है। उनकी परेशानी का समाधान यह सरकार नहीं कर पा रही है। बस्तर जिले में आए दिन बिजली बंद बिजली कटौती से आम जनता परेशान है कुल मिलाकर भाजपा की साय सरकार सिर्फ जनता को दिग्भर्मित करने का कार्य कर रही है।

श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बढ़ते अपराध यातायात समस्या शिक्षक भर्ती और लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखे हैं।

मुख्यमंत्री अपने सांसद के पत्र का ही निराकरण नहीं कर पा रहे हैं तो आम जनता का निराकारण कहां से होगा। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75,000 से अधिक आवेदन आया था जिसका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। ऐसे में फिर कहां है सुशासन ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। प्रत्येक वर्ग अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।

श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 50 हजार करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती पेयजल की समस्याए शिक्षकों की कमी युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं व्यापारी अनियमित जीएसटी से परेशान है। प्रदेश में मात्र 33 प्रतिशत स्टील उद्योग चल रहे हैं। बांकी महंगी बिजली एवं प्रशासनिक अराजकता के चलते बंद हो गए है।अनियमित कर्मचारी दिव्यांगजन वादाखिलाफी से त्रस्त है। नया 18 लाख प्रधानमंत्री आवास में से एक भी आवास स्वीकृत नहीं हो पाया है। 500 रूण् में गैस सिलेंडर का वादा जुमला निकला।

प्रधानमंत्री आवास को तोड़ा जा रहा है।अवैध शराब की बिक्री जोरों पर हैएपरिवहन विभाग की वसूली से ट्रांसपोर्टर वाहन चालक त्रस्त है। रोज नए नियम लागू करके जनता को परेशान किया जा रहा है। क्या यही सुशासन है।

# कुरंदी के वार्षिक मंडेई में शामिल हुये विधायक किरण देव



जगदलपुर 8 मई (दण्डकारण्य समाचार) विधानसभा क्षेत्र में ग्राम कुरंदी में प्रतिवर्ष पारंपरिक वार्षिक मंडई का आयोजन होता है जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने माता शीतला मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना किया। साथ ही जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उन समस्याओं को निराकरण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिया। वहीं कुरंदी के ग्रामवासियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का पारंपरिक रूप से ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर स्वागत व अभिनंदन किया । वार्षिक मंडई में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि कुरंदी मे माता शीतला मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में आयें सभी क्षेत्र की देवतुल्य जनमानस को बधाई एवं शुभकामनाएं । बस्तर में आयोजित मेलाएमंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति परम्परा का समावेश होता है। वहीं मेला में प्रमुख रूप से सरपंच सोनमती देवांगनएउप सरपंच मनोज प्रकाश दुग्गड़ राजेश ओगले सुब्रतों विश्वास संजय विश्वकर्मा राजेश श्रीवास्तव गजेन्द्रदेवांगन परसुराम श्यामवती लखींधर बधेलए लखसाय मंगल सेठिया व देवतुल्य जनमानस उपस्थित थे।